बीमा निगम प्राधिकरणों द्वारा अपने-अपने कर्मचारियों के लिए सरकारी अस्पताल स्थापित किए गए हैं। स्टाफ के बारे में ब्यौरे उपलब्ध नहीं हैं।

(ग) गुजरात में केन्द्रीय सरकारी अस्पताल खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वैसे, केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का विस्तार अहमदाबाद शहर तक कर दिया गया है और इन लाभार्थियों के उपचार के लिए कई निजी अस्पतालों को भी मान्यता दी गई है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम हेतु गुजरात को प्रदत्त धनराशि

1796. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने केन्द्र द्वारा प्रायोजित परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत आवंटित निधियाँ अभी तक गुजरात को जारी नहीं की हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और;

(ग) उक्त निधियों को जारी करने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार): (क) से (ग) वर्ष 1992-93 के दौरान केन्द्र प्रायोजित परिवार कल्याण कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए गुजरात सरकार को 3337.51 लाख रुपये की राशि पहले ही दी जा चुकी है जबकि उसके लिए 3336.66 लाख रुपये का आवंटन किया गया था। इसके अतिरिक्त पिछली बकाया राशि के रूप में 18.00 करोड़ रुपये की धनराशि भी प्रदान की गई है।

उत्तर प्रदेश में केन्द्र सरकार के अस्पताल

1797. **चौधरी हर मोहन सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में केन्द्र सरकार का कोई अस्पताल है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वहां कार्यरत चिकित्सीय और पराचिकित्सीय कर्मचारियों की संख्या कितनी-कितनी है; और

(ग) यदि भाग "क" का उत्तर "नहीं" है तो उत्तर प्रदेश में रहने वाले केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की चिकित्सा संबंधी कठिनाईयों को दूर करने हेतु उस राज्य में पर्याप्त संख्या चिकित्सीय और पराचिकित्सीय कर्मचारियों से युक्त केन्द्रीय सरकार के अस्पताल खोलने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार) (क) और (ख) रेलवे, रक्षा और कर्मचारी राज्य-बीमा निगम प्राधिकरणों द्वारा अपने-अपने कर्मचारियों के लिए सरकारी अस्पताल स्थापित किए गए हैं। स्टाफ के बारे में ब्यौरे उपलब्ध नहीं हैं।

(ग) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का विस्तार इलाहाबाद, मेरठ, कानपुर, लखनऊ और गाजियाबाद के शहरों तक कर दिया गया है और लाभार्थियों को अनुमोदित निजी अस्पतालों की सेवाएं उपलब्ध हैं।

मेडिकल कालेजों में प्रवेश हेतु नामांकन

1798. **श्री मोहम्मद अफजल ऊर्फ मीर अफजल :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991-92 और 1992-93 में मेडिकल कालेजों में एम० बी० बी० एस०, एम० डी०, बी० यू० एम० एस०, बी० आई

एम० एस० और बी० ए० एम० एस० पाठ्य-क्रमों में प्रवेश हेतु सरकार द्वारा नामांकित विद्यार्थियों की संख्या कितनी है, और

(ख) नामांकित विद्यार्थियों के नामों सहित उन कालेजों के नाम क्या-क्या हैं जिनमें प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को नामांकित किया गया ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार) : (क) सरकार ने विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/केन्द्रीय मंत्रालयों को सीटों की संख्या इस प्रकार आबंटित की है :

	सीटों की संख्या	
	1991–92	1992–93
एम० बी० बी० एस	265	261
एम० डी०	5	5
बी० ए० एम० एस०	21	21
बी० यू० एम० एस०	6	6
बी० आई० एम० एस०	(ऐसा कोई पाठ्य क्रम नहीं है)	

(ख) वर्तमान क्रियाविधि के अनुसार संबंधित प्राधिकरण आबंटित सीटों के लिए अभ्यर्थियों का चयन सीधे करते हैं। कालेजों की सूची संलग्न है।

1991–92 और 1992–93 के सत्रों के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा जिन चिकित्सा कालेजों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/केन्द्रीय मंत्रालयों को सीटें आबंटित की गई हैं उनकी सूची

एम० बी० बी० एस० सीटें

असम	1. असम मेडिकल कालेज, डिबरुगढ़
	2. गोहावटी मेडिकल कालेज, गोहावटी
बिहार	3. जे० एल० एन० मेडिकल कालेज, भागलपुर
	4. एस० के० मेडिकल कालेज, मुजफ्फरपुर
	5. दरभंगा मेडिकल कालेज, लाहेड़िया सराय
	6. ए० एन० मगध मेडिकल कालेज, गया
	7. नालंदा मेडिकल कालेज, पटना
	8. पटना मेडिकल कालेज, पटना
	9. एम० जी० एम० मेडिकल कालेज, जमशेदपुर
	10. पाटिलीपुत्र मेडिकल कालेज, धनबाद
	11. राजेन्द्र मेडिकल कालेज, रांची
दिल्ली	12. अखिल भारतीय मेडिकल कालेज, नई दिल्ली
	13. लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज, नई दिल्ली
	14. मौलाना आजाद मेडिकल कालेज, नई दिल्ली
गोवा	15. गोवा मेडिकल कालेज, पणजी
हरियाणा	16. मेडिकल कालेज, रोहतक
हिमाचल प्रदेश	17. इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज, शिमला
केरल	18. मेडिकल कालेज, कालीकट
	19. मेडिकल कालेज, त्रिचूर
	20. मेडिकल कालेज, कोट्टायम

21. मेडिकल कालेज, तिरुवनन्तपुरम
22. टी० डी० मेडिकल कालेज, एल्लेप्पी

मध्य प्रदेश

23. एस० एस० मेडिकल कालेज, रीवा
24. गांधी मेडिकल कालेज, भोपाल
25. एम० जी० एम० मेडिकल कालेज, इन्दौर
26. जी० आर० मेडिकल कालेज, ग्वालियर
27. राजकीय मेडिकल कालेज, जबलपुर
28. पंडित जे० एन० एम० मेडिकल कालेज, रायपुर

महाराष्ट्र

29. ग्रान्ट मेडिकल कालेज, बम्बई
30. राजकीय मेडिकल कालेज, औरंगाबाद
31. एस आर० टी० आर० मेडिकल कालेज, अम्बाजोगई
32. राजकीय मेडिकल कालेज, नागपुर
33. इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज, नागपुर
34. महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, वर्धा
35. बी० जे० मेडिकल कालेज, पुणे
36. डा० वी० एम मेडिकल कालेज, सोलापुर
37. राजकीय मेडिकल कालेज, मिराज

पांडिचेरी

38. जवाहर लाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पांडिचेरी

पंजाब

39. राजकीय मेडिकल कालेज, अमृतसर
40. राजकीय मेडिकल कालेज, पटियाला
41. जी० जी० एस० मेडिकल कालेज, फरीदकोट

राजस्थान

42. डा० एस० एन० मेडिकल कालेज, जोधपुर
43. जे० एल० एन० मेडिकल कालेज, अजमेर
44. आर० एन० टी० मेडिकल कालेज, उदयपुर
45. एस० एम० एस० मेडिकल कालेज, जयपुर
46. एस० बी० मेडिकल कालेज, बीकानेर
47. मेडिकल कालेज, कोटा

उत्तर प्रदेश

48. एस० एन० मेडिकल कालेज, आगरा
49. एम० एल० एन० मेडिकल कालेज, इलाहाबाद
50. आयुर्विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
51. एम० एल० बी० मेडिकल कालेज, झांसी
52. बी० आर० डी० मेडिकल कालेज, गोरखपुर
53. जी० एस० वी० एम० मेडिकल कालेज, कानपुर
54. के० जी० मेडिकल कालेज, लखनऊ
55. एल० एल० आर० एम० मेडिकल कालेज, मेरठ

पश्चिम बंगाल

56. सी० एन० मेडिकल कालेज, कलकत्ता
57. मेडिकल कालेज, कलकत्ता

पश्चिम बंगाल	58. एन० आर० एस० मेडिकल कालेज, कलकत्ता
कलकत्ता	59. आर० जी० कर मेडिकल कालेज, कलकत्ता
आन्ध्र प्रदेश	आन्ध्र प्रदेश के मेडिकल कालेजों के नाम उपलब्ध नहीं है क्योंकि आन्ध्र प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार को कालेजों के नाम नहीं बताती । वे छात्रों को सीधे कालेजों का आबंटन करती है ।
एम० डी० सीटें	
उत्तर प्रदेश	1. आयुर्विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

विभिन्न राज्यों जहां भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी कालेज उपलब्ध नहीं हैं को आबंटित किए गए ऐसे कालेजों को दर्शाने वाला विवरण ।

राज्य का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	कालेज का नाम व पता
1	2	3
जम्मू व कश्मीर	बी ए एम एस	आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बी कालेज, करोल बाग, नई दिल्ली– 110005
		मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद, कालेज, उदयपुर (राजस्थान)
		गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेदिक कालेज, रोहतक (हरियाणा)
		श्री मांडूसिंह स्मारक महिला आयुर्वेद डिग्री कालेज, कन्या गुरुकुल, खानपुर कलां, सोनीपत (हरियाणा) (महिला अभ्यर्थियों के लिए)
		राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, कांगड़ा, पपरोला, डा० जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
	बी यू एम एस	निजामिया तिब्बी कालेज, चारमिनार, हैदराबाद–500002 (आन्ध्र प्रदेश)
		आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बी कालेज, करोल बाग, नई दिल्ली–110055
		हमदर्द तिब्बिया कालेज, हमदर्द नगर' डा० पुष्पा भवन, नई दिल्ली; 110002
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	बी ए एम एस	राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, सिविल अस्पताल परिसर, उस्मानाबाद (महाराष्ट्र)
		मदनमोहन मालवीय आयुर्वेदिक कालेज, उदयपुर (राजस्थान)

1	2	3
अरुणाचल प्रदेश	बी ए एम एस	राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, राजे रघुजी नगर, नागपुर–440024 (महाराष्ट्र)
पांडिचेरी	बी ए एम एस	अनन्त लक्ष्मी राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, वारंगल–50602 (आंध्र प्रदेश)
	बी यू एम एस–1	राजकीय भारतीय चिकित्सा (यूनानी) कालेज, अरुम्बक्कम, मद्रास (तमिलनाडु)
उत्तर पूर्वी राज्य	बी ए एम एस	राजकीय भारतीय चिकित्सा कालेज, टेंक बंद रोड, बैंगलूर–560009 (कर्नाटक) राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, हैदराबाद–500001 (आंध्र प्रदेश) गोपबन्धु आयुर्वेद महाविद्यालय, पुरी, एटी/डा०–पुरी, जिला पुरी–752002 (उड़ीसा)
	बी यू एम एस	राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज, बैंगलूर 560039 (कर्नाटक)
नेपाल के छात्रों के लिए कोलम्बो योजना के अंतर्गत		राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, ग्वालियर, (मध्य प्रदेश)

आयुर्वेदिक कालेजों और अस्पतालों को प्रदत्त सहायता अनुदान

1799. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान आयुर्वेदिक कालेजों और अस्पतालों को प्रदत्त सहायता अनुदान का राज्य वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) कार्यरत आयुर्वेदिक कालेजों और अस्पतालों की राज्यवार संख्या कितनी-कितनी है ;

(ग) गुजरात सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के पास भेजे गए प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार) : (क) और (ख) सहायता अनुदान आयुर्वेदिक कालेजों और सम्बद्ध अस्पतालों को सुदृढ़ करने/उनका स्तर बढ़ाने के लिए ही दिया जाता है । संबंधित सूचना संलग्न **विवरण I और II** में क्रमानुसार दी गई है । (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) गुजरात सरकार से इस वर्ष के दौरान कोई नया प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।